TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

09 अक्टूबर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

**अनुभव एक महान शिक्षक है इसलिए गलतियों से डरो नहीं उनसे सीख लो ।**

महात्मा गाँधी



राकेश कुमार


मधु प्रिया

# विश्व डाक दिवस 9 अक्टूबर




विश्व डाक दिवस हर साल 9 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत 1969 में हुई थी उसी साल पहला विश्व डाक दिवस मनाया गया था। तभी से हर साल इसे 9 अक्टूबर के दिन मनाया जाता है। उसी तरह से भारत में भी राष्ट्रीय स्तर पर डाक दिवस मनाया जाता है। भारत में दिवस से अधिक इसे स्प्ताह से के तौर पर मनाया जाता है। विश्व डाक दिवस के माध्यम से लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। इस दिवस को मुख्य तौर पर लोगों में डाक सेवाओं की भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए इस दिवस को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य देशों के विकास सेवा के आर्थिक और सामाजिक महत्व को आगे बढ़ाना है। विश्व डाक दिवस के माध्यम से लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। इस दिवस को मुख्य तौर पर लोगों में डाक सेवाओं की भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए इस दिवस को मनाया जाता है। इसके उद्देश्य की बात करें तो इसका मुख्य उद्देश्य देशों के विकास सेवा के आर्थिक और सामाजिक महत्व को आगे बढ़ाना है। 9 अक्टूबर 1874 को ''यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन'' के गठन हेतु बर्न, स्विटजरलैण्ड में 22 देशों ने एक संधि पर हस्ताक्षर किया था इसीकारण विश्व डाक दिवस मनाने के लिए यह दिन चुना गया।1 जुलाई, 1876 को भारत यूनीवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य बना। तथा भारत में पहली बार वर्ष 1766 में डाक व्यवस्था की शुरूआत की गई, वर्तमान में भारतीय डाक विभाग की स्थिति इस प्रकार से है 150 वर्षों से अधिक पुरानी इस संस्था में डेढ़ लाख से अधिक पोस्ट ऑफिस है जिनमें से 89.87% ग्रामीण क्षेत्रों में है तथा औसतन 21.23 वर्ग किलोमीटर में यह लगभग 8086 जनसंख्या को अपनी सेवाएं प्रदान करता है। भारत में एक विभाग के रूप में इसकी स्थापना 1 अक्तूबर, 1854 को हुई।भारतीय डाक विभाग 9 से 14 अक्टूबर के बीच विश्व डाक सप्ताह मनाता है।

# जयंती विशेष 09 अक्टूबर



प्रसिद्ध भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,
पत्रकार, कवि, साहित्यकार

## गोपबंधु दास जी

की जयंती पर उन्हें शत् शत् नमन

**गोपबंधु दास** *Gopabandhu Das*; जन्म- 9 अक्टूबर, 1877, पुरी, उड़ीसा; मृत्यु- 17 जून, 1928) प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार, कवि तथा साहित्यकार थे। ये उड़ीसा के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता थे। गोपबंधु दास को 'उत्कल मणि' के नाम से भी जाना जाता है। उड़ीसा राज्य में जब भी राष्ट्रीयता और स्वाधीनता संग्राम की बात की जाती है, तब लोग गोपबंधु दास का ही नाम लेते हैं। उड़ीसा के लोग इन्हें 'दरिद्र सखा' अर्थात् 'दरिद्र के सखा' के रूप में याद करते हैं। गोपबंधु दास ने उत्कल के विभिन्न अंचलों को संघठित करके पूर्ण उड़ीसा राज्य बनाने की जी-जान से कोशिशें की थीं। उत्कल के दैनिक पत्र 'समाज' के ये संस्थापक थे।

Teachers of Bihar
The change makers

# MATH TLM

53 Class-6to8

## लाभ और हानि (profit and loss)

### लाभ (profit) -

यदि किसी वस्तु का विक्रय मूल्य उसके क्रय मूल्य से अधिक हो, तो वैसी स्थिति में लाभ होता है।

### लाभ प्रतिशत (profit percent)-

प्रति ₹100 पर लाभ को लाभ प्रतिशत कहते हैं।

Anu Priya, Science Teacher

# TOB खेल कॉर्नर




## भारत के टॉप-5 वनडे कप्तान

| कप्तान | मैच | जीत | हार | टाई/बेनतीजा |
|---|---|---|---|---|
| एमएस धोनी | 200 | 110 | 74 | 5/11 |
| मोहम्मद अजहरुद्दीन | 174 | 90 | 76 | 2/6 |
| सौरव गांगुली | 146 | 76 | 65 | 0/5 |
| विराट कोहली | 95 | 65 | 27 | 1/2 |
| राहुल द्रविड़ | 79 | 42 | 33 | 0/4 |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 09.10.2025

## सक्रिय श्रवण

सक्रिय श्रवण एक संचार तकनीक है जिसमें श्रोता वक्ता को पूरी तरह से ध्यान देता है, उसके संदेश को समझने का सचेत प्रयास करता है, और समझ को ज़ाहिर करने के लिए प्रतिक्रिया देता है। इसमें केवल शब्दों को सुनना ही नहीं, बल्कि शारीरिक भाषा और स्वर जैसे गैर-मौखिक संकेतों पर भी ध्यान देना शामिल है, जिससे वक्ता को यह महसूस होता है कि उसे सुना जा रहा है और उसके विचारों को महत्व दिया जा रहा है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**केरल** (Kerala) की 16 वर्षीय मुस्लिम लड़की सबरी ने कथकली नृत्य कर **इतिहास** रच दिया है। कलामंडलम में सबरी ने **कृष्ण वेषम पुरप्पाडु** पर प्रस्तुति दी और ऐसा करने वाली पहली **मुस्लिम महिला** बन गई हैं।

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी फल

### खरबूजा



मुझमें विटामिन ए, बी-6, सी, फाइबर, सोडियम, पोटेशियम ,आयरन फोलिक एसिड, बीटा- केरोटिन आदि पाया जाता है।

Anu priya

# पद्य पंकज

"जो भरा नहीं है भावों से
जिसमें बहती रसधार नहीं
वह हृदय नहीं है पत्थर है,
जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं"

**मैथिली शरण गुप्त**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR — THE CHANGE MAKERS

# ToB बूझो तो जानें..



535

मैं हूं एक अनोखी चीज, मुझको नहीं किसी से खीज, पर जो कोई मुझे छुए, चारों खाने चित्त गिरे ..बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# पुण्यतिथि पर नमन



## डॉ सैफुद्दीन किचलू

**15 जनवरी 1888-9 अक्टूबर 1963**

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व
9 अक्टूबर
डाक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
Madhu priya
www.teachersofbihar.org